श्याम धनि के मंदिर

श्याम धनि के मंदिर आगे ढोल बजावे ढोलियाँ,
नाचे गावे धूम मचावे बोले मीठी बोलियां,
श्याम तेरी जोत के परमाने आ गए,
दीवाने आ गए तेरे दीवाने आ गए,

श्याम सलोनी सूरत तेरी मन में बस गई मूरत तेरी,
देख एक बार में निहाल हो गए,
चौकठ पे दर को झुकाने आ गए,
दीवाने आ गए तेरे दीवाने आ गए,

सबसे उची शान है तेरी तू ही तो बस जान है मेरी,
प्यार तेरा पाके माला माल हो गए,
जैकारो से धाम को गुंजाने आ गए,
दीवाने आ गए तेरे दीवाने आ गए,

दुनिया से अनजान है बाबा हम तेरी संतान है बाबा,
अपना लिया तो खुशाल हो गए,
पापु शर्मा रिश्ता निभाने आ गए,
दीवाने आ गए तेरे दीवाने आ गए,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4391/title/shyam-dhani-ke-mandir-aage-dhol-bajawe-dholiyan-naache-gaawe-dhoom-machawe

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |